# पूर्वांचल में इस बार दिख रही अबूझ सी हलचल

## पांच साल पहले के मुकाबले इस बार वाराणसी के पड़ोसी जिलों में बदला दिख रहा है समीकरण

अर्चिस मोहन

साल 2019 के लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दमदार प्रदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी में बहुत बड़े अंतर से जीत में यह तथ्य दबकर रह गया था कि पूर्वांचल की कई प्रमुख सीटों पर बेहद करीबी अंतर से हार-जीत हुई थी। इस बार भी इन तमाम सीटों पर मुकाबला कड़ा हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र का युवा अपनी उम्मीदें, खास कर सरकारी नौकरी का ख्वाब, पूरा नहीं होने से निराशा की गर्त में दिखाई दे रहा है। बहुजन समाज पार्टी का प्रभुत्व कम होने से विकल्प के तौर पर अनुसूचित जाति का एक वर्ग इस बार समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। इससे वाराणसी के पड़ोसी जिलों की लगभग आधा दर्जन सीटों को लेकर भाजपा और अपना दल एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) जैसे उसके सहयोगी दलों की नींद उड़ी हुई है।

वाराणसी के करीब चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भाजपा तथा मिर्जापुर से अपना दल की अनुप्रिया पटेल ताल ठोंक रही हैं। पटेल भी केंद्र में मंत्री हैं। इसके अलावा, भाजपा के टिकट पर नीरज शेखर अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पारंपरिक सीट बलिया से मैदान में हैं तो सुभासपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर घोसी सीट से चुनावी मैदान में डटे हैं।

पिछले लोक सभा चुनाव में सपा के साथ मिलकर लड़ी बसपा ने घोसी और गाजीपुर जैसी सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल की थी। वाराणसी और मिर्जापुर में भाजपा और अपना दल (सोनेवाल) ने भी बहुत भारी अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन अन्य सीटों पर मुकाबला बहुत कड़ा रहा था। उदाहरण के लिए चंदौली में सपा प्रत्याशी से मुकाबले में पांडेय की जीत मात्र 13,959 वोटों से हुई थी। इसी प्रकार बलिया से भाजपा के वीरेंद्र सिंह भी 15,519 मतों से जीते थे। उन्होंने भी सपा के सनातन पांडेय को हराया था। इस बार भाजपा ने वीरेंद्र का टिकट काटकर नीरज शेखर को मैदान में उतारा है, जबकि सपा ने फिर सनातन पांडेय पर भरोसा जताया है।



### राष्ट्रवाद पर जाति हुई हावी

- सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं में दिख रही मायूसी मगर कई युवा ऐसे भी जिन्हें स्वरोजगार ही भा रहा
- बहुजन समाज पार्टी का प्रभुत्व कम होने से विकल्प के तौर पर अनुसूचित जाति का एक वर्ग इस बार समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है
- इस बार समाजवादी पार्टी ने भाजपा से मुकाबले के लिए ओबीसी नेताओं को खड़ा किया है
- इस बार राष्ट्रवाद नहीं जाति के ईद-गिर्द घूम रही है वाराणसी की राजनीति

रॉबर्ट्सगंज में अपना दल (सोनेवाल) को जरूर 1,54,610 वोटों से जीत मिली थी। इस बार चुनाव में सपा ने यादवों के अलावा अन्य जातियों से अपने काफी उम्मीदवार चुने हैं। विशेष तौर पर उसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वर्ग से आने वाले नेताओं को भाजपा के मुकाबले खड़ा किया है। इनमें कई ऐसे हैं, जो पिछली बार भाजपा के साथ थे। उदाहरण के तौर पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट रॉबर्ट्सगंज सीट पर सपा ने छोटेलाल खरवार को टिकट दिया है, जिन्होंने 2014 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। खरवार सोनभद्र जिले से भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी रहे हैं। मिर्जापुर से पटेल के मुकाबले में सपा ने रमेश चंद बिंद को टिकट दिया है। वह भी 2019 के चुनाव में भदोही से भाजपा के टिकट पर जीत कर संसद पहुंचे थे। यही नहीं, गाजीपुर से बसपा के सांसद अफजाल अंसारी भी इस बार सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी जन परिषद के साथ जुड़े वाराणसी के राजनीतिक कार्यकर्ता अफलातून देसाई ने कहा, 'साल 2019 के विपरीत जब राष्ट्रवाद एक प्रमुख मुद्दा था इस बार के चुनाव में चर्चा जाति के ईद-गिर्द घूम रही है। कांग्रेस भी अब लाभार्थी वर्ग को लुभाने में भाजपा की बराबरी कर रही है इस क्षेत्र का परिणाम पहले से निर्धारित निष्कर्ष नहीं है।' देसाई वाराणसी, मिर्जापुर और आसपास की सीटों के दलित बहुल गांवों में इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार कर रहे हैं। मगर भाजपा प्रवक्ता केके शर्मा इससे इत्तेफाक नहीं रखते हैं। वह कहते हैं, 'लोगों को प्रधानमंत्री की गारंटी पर बहुत भरोसा है क्योंकि उन्होंने काम कर दिखाया है और विपक्षी पार्टियों की गारंटी का परीक्षण नहीं किया गया है।'




कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता!

# कन्याकुमारी में कल से ध्यान लगाएंगे मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के समापन के बाद कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक 'रॉक मेमोरियल' में ध्यान लगाएंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नेता ने बताया कि मोदी ध्यान मंडपम में 30 मई की शाम से एक जून की शाम तक ध्यान की अवस्था में रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि यह वही स्थान हैं जहां आध्यात्मिक विभूति विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी।

प्रधानमंत्री ने पिछले लोकसभा चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ की गुफा में इसी तरह ध्यान लगाया था। **भाषा**

# जातियों के चक्रव्यूह में फंसा 7वां चरण

सिद्धार्थ कलहंस

**लोक** सभा चुनाव के अंतिम पड़ाव यानी सातवें चरण में उत्तर प्रदेश में जातियों की जटिल व्यूहरचना सभी राजनीतिक दलों को परेशान कर रही है। राज्य में जहां 2014 और 2019 के लोक सभा चुनाव और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गैर यादव पिछड़ी जातियों की गोलबंदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अंतिम चरण की सीटों पर बढ़त दिलाई थी। वहीं इस बार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने पिछड़ी जातियों में जबरदस्त सेंधमारी करते हुए मुश्किल हालात पैदा कर दिए हैं। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की जिन 13 सीटों पर मतदान होना है, उनमें वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, बलिया, गाजीपुर, घोसी, राबर्ट्सगंज, सलेमपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज और बांसगांव शामिल हैं। इनमें से वाराणसी से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।



सातवें चरण में लगभग सभी सीटों पर पिछड़ों और दलितों के मत निर्णायक हैं। इनमें राबर्ट्सगंज की सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है तो बांसगांव अनुसूचित जाति के लिए। चंदौली, बलिया, गाजीपुर और देवरिया सीटों पर पिछड़ों में यादव मतदाता सर्वाधिक हैं तो सलेमपुर व कुशीनगर में कोइरी बिरादरी के खासे वोट हैं, जबकि मिर्जापुर व महराजगंज में कुर्मी व निषाद मतदाताओं की अच्छी संख्या है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में पाई जाने वाली पिछड़ी जाति सैंथवार की भी अच्छी खासी संख्या कुशीनगर, देवरिया और सलेमपुर के साथ ही बांसगांव में है।

इस चरण में पांच सीटें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के आसपास की हैं तो चार सीटें पीएम मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी के सटी हुई हैं। भाजपा का मानना है कि इन दोनों शीर्ष नेताओं के भरोसे पार्टी इस चरण में कम से कम पहले जैसा या उससे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। गोरखपुर, बांसगांव, महराजगंज, कुशीनगर और देवरिया योगी के प्रभाव क्षेत्र की सीटें हैं, तो वाराणसी के साथ चंदौली, मिर्जापुर और बलिया सीटें मोदी के आभामंडल वाली हैं। हालांकि 2019 में इसी चरण में दो सीटें- चंदौली और बलिया में भाजपा बहुत कम मतों से जीत सकी थी, जबकि गाजीपुर और घोसी गंवा दी थी। सातवें चरण में गाजीपुर, बलिया और घोसी सीट अंसारी परिवार के प्रभाव क्षेत्र वाली कही जाती हैं। जेल में सजा काटने के दौरान हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस पूरे इलाके में न केवल अल्पसंख्यकों बल्कि अन्य पिछड़ी जातियों में भी इस परिवार के प्रति सहानुभूति देखी जा रही है।

पिछले लोक सभा चुनाव में इस चरण में दो सीटें घोसी व गाजीपुर मे जीत हासिल करने वाली बहुजन समाज पार्टी इस बार वोटकटवा की भूमिका में ज्यादा नजर आ रही है। कई सीटों पर बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में है।

# नालंदा में नीतीश की लोकप्रियता हावी

**साल** 2020 के बिहार विधान सभा चुनावों में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने नालंदा लोक सभा की सात में पांच विधान सभा सीटों पर जीत दर्ज की थी और जदयू की सहयोगी रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खाते में एक सीट आई थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नालंदा से ही आते हैं और साल 2004 के लोक सभा चुनाव में वह यहीं से सांसद भी थे। नीतीश की लोकप्रियता के कारण ही जदयू का दबदबा लगातार इतने वर्षों से इस सीट पर बना हुआ है।

जदयू नेता कौशलेंद्र कुमार लगातार तीन बार से यहां से सांसद बन रहे हैं। कौशलेंद्र पहली बार साल 2009 में जीते थे उसके बाद साल 2014 और 2019 के चुनावों में भी वह यहां जीतते रहे। नीतीश की तरह कुर्मी जाति से आने वाले कौशलेंद्र के लिए यहां कुर्मी मतदाताओं की संख्या करीब एक चौथाई है। इस बार यानी साल 2024 के लोक सभा चुनाव में कौशलेंद्र के सामने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के संदीप सौरव हैं। नालंदा उन तीन सीटों में से एक हैं जहां से वाम दल राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। 37 वर्षीय सौरव जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि ली है और उन्होंने साल 2020 के विधान सभा चुनावों में पटना की पालीगंज सीट से चुनाव जीता था। **बीएस**

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

मंडल कार्यालय– 01 पल्टन बाजार, पीएनबी हाउस, देहरादून, उत्तराखण्ड

आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणी(ओ)/गारन्टर(ओं) उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूति लेनदार के **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक** द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **बैंक नीचे उल्लिखित ऋणी** ऋणी(ओ)/गारन्टर(ओं) की बकाया राशि की वसूली हेतु बेची जायेगी। प्रत्येक संपत्ति का रिजर्व मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी विवरण नीचे उल्लिखित है, तथा संपित्तयों का ज्ञात प्रभार का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो, के रूप में नीचे उल्लेख किया गया है।

| लॉट सं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता का नाम व पता | अचल सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति स्वामी का नाम | (अ) डिमांड नोटिस सरफेसी 13(2) के अनुसार (ब) बकाया राशि दिनांक (स) कब्जे दिनांक सरफेसी 13(4) के अनुसार (द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक) | (अ) रिजर्व मूल्य (ब) अर्नेस्ट मनी (EMD) (स) ईएमडी जमा के अंतिम तिथि (द) न्यूनतम बोली की वृद्धि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | सुरक्षित लेनदारों का ज्ञात प्रभार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सरफेसी एक्ट 2002 के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8(6) के अन्तर्गत 15 दिन का वैधानिक बिक्री नोटिस माना जायें। | | | | | | |
| 1 | **शाखा : लक्ष्मण झुला रोड, ऋषिकेश** **ऋणी:** श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री किशोरी लाल अग्रवाल, **पता 1.** मकान नं0 43, गली नं0 9, वीरभद्र रोड, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड। **पता 2:** 85/57 (भाग), प्लॉट संख्या 31, लक्ष्मीपुरवा, कानपुर। | बंधक प्राइवेट प्लॉट नं0 31, परिसर नं0 85/57 का भाग, माप क्षेत्रफल 104.936 वर्ग मीटर स्थित लक्ष्मीपुरवा कानपुर, सम्पत्ति स्वामी श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री किशोरी लाल अग्रवाल। सब-रजिस्ट्रार-1 ऑफिस कानपुर नगर, बुक सं. 1, जिल्द नं0 7975 के पेज नं0 1 से 20, क्र0सं0 285, दिनांक 31.01.2017 पर पंजीकृत है। सीमाएँ:- पूर्वः नजुल भूमि, पश्चिमः भवन नं0 85/57 का शेष आधा भाग, उत्तरः अन्य की सम्पत्ति, दक्षिणः 7.62 मीटर चौड़ा रास्ता। सम्पत्ति स्वामीः श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री किशोरी लाल अग्रवाल, **पता 1.** मकान नं0 43, गली नं0 9, वीरभद्र रोड, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड। **पता 2:** 85/57 (भाग), प्लॉट संख्या 31, लक्ष्मीपुरवा, कानपुर। | (अ) 10.06.2021 (ब) **रु0 1,00,14,687/-** (स) 22.03.2022 (द) सांकेतिक कब्जा | (अ) रू0 1,83,10,000/- (ब) रू0 18,31,000/- (स) 17.06.2024 को शाम 5.00 बजे तक (द) रू0 1.00 लाख | **18.06.2024** सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | कोई ज्ञात नहीं |
| 2 | **शाखा : लक्ष्मण झुला रोड, ऋषिकेश** **ऋणी:** 1. मैसर्स न्यू टेंट बाजार, प्रो0 श्रीमती वनाजक्शी कल्लपाली उर्फ वनाजक्शी अग्रवाल पत्नी श्री नीरज अग्रवाल, पता 1. मकान नं0 43, गली नं0 9, वीरभद्र रोड, ऋषिकेश। पता 2. प्लॉट संख्या 136, निकट सीमा डेंटल कॉलेज ब्लॉक-बी एआईआईएमएस रोड, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड। | | (अ) 20.07.2021 (ब) **रु0 32,43,754/-** (स) 22.03.2022 (द) सांकेतिक कब्जा | | | |
| 3. | **शाखा : क्लॉक टावर, देहरादून** **ऋणी:** मैसर्स वल्लभ क्रिएशन, पता 1: दुकान का नाम- डव, दुकान संख्या 10/11, मिडो प्लाजा कॉम्प्लेक्स, राजपुर रोड, देहरादून, पता 2: मकान संख्या- 4737, जैन मंदिर रोड, निकट सुंदर नगर पुलिस स्टेशन, सुंदर नगर तरफ मैदान, लुधियाना, पंजाब। 2. प्रो0 श्री नमन जैन पुत्र श्री आशु जैन, पता 1: मकान संख्या 4737, जैन मंदिर रोड, निकट सुंदर नगर पुलिस स्टेशन, सुंदर नगर तरफ मैदान, लुधियाना, पंजाब। पता 2: शरामन वाटिका, हंबरन रोड, लुधियाना, पंजाब। **गारन्टरः** श्री नीरज जैन, पता1: मकान संख्या 4737, जैन मंदिर रोड, निकट सुंदर नगर पुलिस स्टेशन, सुंदर नगर तरफ मैदान, लुधियाना, पंजाब। पता 2: सी/ओ मनीषा जैन, शरामन वाटिका, हंबरन रोड, लुधियाना, पंजाब। पता 3: मकान नं0 59, पूर्वी ज्योति नगर, लोनी रोड, दिल्ली। | बंधक आवासीय सम्पत्ति एम0सी0 नं0 B-XXIV-4736/1 माप क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, खसरा नं0 144, खाता नं0 874/943, जमाबंदी सन् 2007-08, स्थित मौजा तराफ सैदान हदबास्ट नं0 172, स्थित सुंदर नगर, तहसील एवं जिला- लुधियाना। सीमाएँ:- उत्तरः श्री रणजीत की सम्पत्ति, साइड माप 60 फीट, दक्षिणः मनीषा जैन की सम्पत्ति, साइड माप 60 फीट, पूर्वः रास्ता साइड माप 30 फीट, पश्चिमः प्लॉट नं0 10, साइड माप 30 फीट। | (अ) 25.04.2019 (ब) **रु0 2.02.19.681.68** (स) 21.09.2022 (द) भौतिक कब्जा | (अ) रू0 1,11,50,000/- (ब) रू0 11,15,000/- (स) 17.06.2024 को शाम 5.00 बजे तक (द) रू0 1.00 लाख | **18.06.2024** सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | कोई ज्ञात नहीं |

**सम्पत्ति बिक्रि, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत लागू नियमों के अधीन व निम्नलिखित नियमों व शर्तों के अनुसार होगी।**
1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी के माध्यम से ऑनलाइन" पोर्टल **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp पर दिनांक 18.06.2024** को प्रातः 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक होगी। 2. इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल–आईडी का उपयोग करके पोर्टल **(https://www.mstcauction.com)** पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, उनसे अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है। एक बार केवाईसी दस्तावेजों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाता है (जिसमे 2 कार्य दिवस लग सकते हैं), इच्छुक बोलीदाता / क्रेता को ई–नीलामी से पहले तक अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाइन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को स्थानांतरित करना होगा। पोर्टल में समय नीलामी से पहले, केवाईसी दस्तावेजों का पंजीकरण और वॉलेट में ईएमडी के हस्तांतरण को पहले से अच्छी तरह से पूरा किया जाना चाहिए। 3. उपर्युक्त धनराशि जमा (ईएमडी) राशि का भुगतान ऑनलाइन भुगतान 3 मोड अर्थात एनईएफटी/कैश /ट्रांसफर (से चालान जनरेट करने के पश्चात) **(https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ibapi/index.jsp)** के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से किया जाता है, हालांकि कैश / ट्रांसफर के लिए बोली लगाने वाले को पंजाब नेशनल बैंक शाखा का दौरा करना पड़ता है। चेक जैसे किसी अन्य मोड द्वारा ईएमडी का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोलीदाताओं, जिन्होनें ईएमडी की राशि जमा नहीं कराई होगी को उन्हे ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई–नीलामी में भाग लेने के लिए जमा की गई ईएमडी की राशि पर कोई देय ब्याज नहीं दिया जाएगा। 4. ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म **(https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp)** ई–नीलामी सेवा प्रदाता **M/S MSTC** लिमिटेड द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिसका पंजीकृत कार्यालय 225–सी ए.जे.सी. बॉस रोड़ कोलकत्ता –700020 (संपर्क फोन और टेलीफोन में होगा। टोलफ्री नंबर 07941072412/411/413 या 1800–103–5342) इच्छुक बोलीदाताओं / क्रेताओं को ई–नीलामी की प्रक्रिया में ई–नीलामी के सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ibapi/index.jsp** के माध्यम से ई–नीलामी में भाग लेना होगा। 5. यहाँ अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 6. नीलामी के आगे के नियमों और विनियमों के लिए या तो इन वेबसाइटों पर जाएं या **प्राधिकृत अधिकारी, मो0 8193024024** से **पंजाब नैशनल बैंक, सर्किल शास्त्र, पीएनबी हाउस 1 पल्टन बाजार, देहरादून,** मे संपर्क करें। बैंक बिना किसी कारण के नीलामी प्रक्रिया को रद्द / निलंबित करने का अधिकार रखता है। किसी भी प्रकार का टैक्स जैसे की टीडीएस/जीएसटी इत्यादि अथवा अतः कोई सफल बोलीदाता द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा। कोई भी बोली वृद्धि राशि, भूमि, भवन एवं प्लांट व मशीनरी के समानुपात में मानी जायेगी। 7. सफल बोलकर्ता को दिये गये खाते में या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा तत्काल नीलामी राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी या अगले दिन सुबह जमा करानी होगी (जिसमें पूर्व में जमा किया गया ईएमडी को समायोजित कर दिया जायेगा) बयाना राशि को नीलामी की राशि में बाद में समायोजित कर दिया जायेगा। 8. नीलामी की स्वीकृति के 15 दिनों के भीतर बोली लगाने वाले को 75 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा। यदि वह शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान दिये गये समय में नहीं कर पाता तो जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी और अनुपस्थित/दोषी व्यक्ति के सम्पत्ति सम्बन्धी सभी दावे या उससे सम्बन्धित दावे जिनकी बोली लगाई जानी है, वह भी खत्म हो जायेंगे। **यदि नीलामी वाले दिन को अवकाश घोषित है, तो नीलामी अगले दिन आयोजित की जाएगी।** 9. नोटः अधिक जानकारी के लिए इन मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क करें– **8193024024**

दिनांकः 28.05.2024 स्थान – देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ब्रांड सलाहकार और डिजाइन एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट : **www.bankofbaroda.in** पर 'निविदा खंड' के अंतर्गत उपलब्ध है।

अन्य सूचना, यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** पर निविदा खंड के तहत जारी किया जाएगा। प्रस्ताव हेतु अनुरोध को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

**बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 19 जून, 2024 अपराह्न 2.00 बजे तक है।**

**स्थानः मुंबई** प्रमुख
**दिनांकः 29.05.2024** (विपणन एवं ब्रांडिंग)
23/24-25

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालयः 21, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008
कॉरपोरेट कार्यालयः एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
https://punjabandsindbank.co.in/
*जहाँ सेवा ही जीवन - ध्येय है*

**सार्वजनिक सूचना**

**धोखाधड़ी सूचनाः नॉर्थ ईस्टर्न इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ किसी प्रकार की साझेदारी नहीं होना।**

यह संज्ञान में आया है कि असामाजिक तत्वों द्वारा भर्ती अभियानों में और निधि उधार के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक के नाम व लोगो का उपयोग किया जा रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड परियोजना के लिए किसान सर्वेक्षक उपलब्ध कराने हेतु साझेदारी/सहयोग को चित्रित करने के लिए बैंक के पत्र-शीर्ष पर "नॉर्थ ईस्टर्न इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड" कंपनी के नाम का उपयोग किया जा रहा है तथा उक्त साझेदारी/सहयोग का उपयोग निधि उधार लेने और मिथ्या दावों के अंतर्गत "किसान सर्वेक्षकों" की भर्ती के लिए किया जा रहा है।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि बैंक ने किसी भी प्रकार के व्यवसाय के लिए "नॉर्थ ईस्टर्न इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड" के साथ कोई साझेदारी या सहयोग नहीं किया है। कृपया इस प्रकार की धोखाधड़ी से सावधान रहें।

चूंकि हम वृहत स्तर पर हितधारकों और जनता के साथ अपने संबंधों को विशेष महत्व देते हैं इसलिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अपनी समस्त अंतःक्रियाओं में विश्वास बनाए रखने के लिए यह अस्वीकरण प्रदान करते हैं।

चूंकि यह धोखाधड़ी है और बैंक द्वारा अधिकृत नहीं है इसलिए उपरोक्त साझेदारी/सहयोग के आधार पर होने वाले किसी भी लेनदेन के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

insecticides (INDIA) LIMITED
TRACTOR BRAND IIL

पंजीकृत कार्यालयः 401-402, लूसा टावर, आज़ादपुर कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, दिल्ली-110 033; टेलीफैक्सः 011-27679700-05
वेबसाइटः www.insecticidesindia.com, इमेलः investor@insecticidesindia.com, CIN: L65991DL1996PLC083909

**31 मार्च, 2024 को समाप्त वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष** (₹ लाख में, ईपीएस के अतिरिक्त)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही की समाप्ति | | | वार्षिक समाप्ति | | तिमाही की समाप्ति | | | वार्षिक समाप्ति | |
| | | 31-03-24 (लेखापरीक्षित) | 31-12-23 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-23 (लेखापरीक्षित) | 31-03-24 (लेखापरीक्षित) | 31-03-23 (लेखापरीक्षित) | 31-03-24 (लेखापरीक्षित) | 31-12-23 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-23 (लेखापरीक्षित) | 31-03-24 (लेखापरीक्षित) | 31-03-23 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 27,706.03 | 35,917.71 | 30,230.94 | 1,97,589.22 | 1,80,259.24 | 27,703.69 | 35,916.15 | 30,230.94 | 1,97,585.32 | 1,80,259.24 |
| 2 | कर अदायगी के पूर्व शुद्ध लाभ | 415.04 | 1,704.13 | (3,902.73) | 13,257.99 | 8,360.71 | 376.71 | 1,707.45 | (3,931.73) | 13,219.16 | 8,382.91 |
| 3 | कर अदायगी के पश्चात शुद्ध लाभ | 807.92 | 1,227.37 | (2,900.82) | 10,262.55 | 6,298.75 | 776.36 | 1,230.69 | (2,929.66) | 10,236.52 | 6,321.12 |
| 4 | अवधि के दौरान कुल समेकित आय इस अवधि के लिए लाभ (कर के बाद) और अन्य समेकित आय (कर के बाद) | 935.59 | 1,238.27 | (2,980.79) | 10,429.49 | 6,327.55 | 913.41 | 1,241.41 | (3,008.36) | 10,412.32 | 6,353.03 |
| 5 | पेड–अप इक्विटी शेयर पूँजी (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना पत्र में प्रदर्शित लेखापरीक्षित आरक्षित निधि (पूनर्मूल्यन निधि के अतिरिक्त) | - | - | - | 98,150.64 | 88,609.09 | - | - | - | 98,393.58 | 88,869.19 |
| 7 | प्रति शेयर आय (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) | | | | | | | | | | |
| | आधारभूत | 2.73 | 4.14 | (9.80) | 34.67 | 21.28 | 2.62 | 4.16 | (9.90) | 34.59 | 21.36 |
| | मिश्रित | 2.73 | 4.14 | (9.80) | 34.67 | 21.28 | 2.62 | 4.16 | (9.90) | 34.59 | 21.36 |

नोटः
a) उपरोक्त अवतरण, सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रगटीकरण आवश्यकताएँ) विनिमयन, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में 31 मार्च, 2024 के अंत में दाखिल तिमाही और वार्षिक समाप्ति का लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सार है। एकल और समेकित वित्तीय परिणाम और व्याख्यात्मक टिप्पणियों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.insecticidesindia.com पर उपलब्ध है।

b) उपरोक्त लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंड_एएस), कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी" द्वारा जारी दिशानिर्देश) के द्वारा लागू दिशानिर्देशों के अनुसार है। इंड_एएस कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 और उसके बाद के संशोधनों के तहत निर्धारित हैं।

c) 30 जून, 2023 को समाप्त अवधि के दौरान समूह द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को 01 मई, 2023 को आईआईएल ओवरसीज डीएमसीसी (दुबई) में सम्मिलित किया गया था। पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कीटनाशकों, कृषि और पशु चिकित्सा कीटनाशक उत्पादों के व्यापार का व्यवसाय चलाएगी।

**स्थानः** दिल्ली
**दिनांकः** 28/05/2024

निर्देशक मण्डल के आदेशानुसार
इन्सेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड
ह–
(राजेश कुमार अग्रवाल)
प्रबंध निर्देशक
DIN-00576872

